• वास्तु...

## नकारात्मक ऊर्जा...

**वास्तुशास्त्र के** अनुसार कुछ चीजों से घर में नकारात्मकता आती है। ये नकारात्मक ऊर्जा वाली वस्तुएं घर में रखने से मनुष्य को दुर्भाग्य और गरीबी का सामना भी करना पड़ जाता है। हम ऐसी 10 चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें भूलकर भी घर में नहीं रखना चाहिए। वास्तु के अनुसार देवी-देवताओं की फटी और पुरानी तस्वीरें या खंडित हुईं मूर्तियों से भी आर्थिक हानि होती है।

▶ अक्सर लोगों के घरों में फटे-पुराने कपड़ों की एक पोटली होती है। फटे-पुराने कपड़ों या चादरों से भी घर में नकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता है। इस तरह के कपड़ों को दान कर देना चाहिए या इसका किसी और काम में उपयोग करना चाहिए।

▶ किसी भी तरह की टूटी-फूटी या गैर-जरूरी वस्तु को घर में नहीं रखना चाहिए। इससे घर में वास्तु दोष उत्पन्न होता है, जिसके कारण लक्ष्मी का आगमन रुक जाता है।

▶ कहते हैं कि ताजमहल का चित्र, डूबती हुई नाव या जहाज, फव्वारे, जंगली जानवरों के चित्र

और कांटेदार पौधों के चित्र घर में नहीं लगाना चाहिए। इससे मन पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

▶ घर की छत पर पड़ी गंदगी से भी पैसों की तंगी को बढ़ सकती है। इससे परिवार की बरकत पर बुरा प्रभाव पड़ता है। घर की छत पर कबाड़ा या फालतू सामान बिल्कुल न रखें। कई लोग अपने घर में अनावश्यक पत्थर, नग, अंगुठी, ताबीज जैसे सामान रख देते हैं। बिना इस जानकारी के कि कौन-सा नग फायदा पहुंचा रहा है और कौन-सा नग नुकसान पहुंचा रहा है। इसलिए इस तरह के सामान को घर से बाहर निकाल दें।

▶ घर या दुकान की कोई भी अलमारी टूटी हुई नहीं होना चाहिए। टूटी अलमारी पैसों के नुकसान का कारण बनती है। इसके अलावा काम न होने पर अलमारी को हमेशा बंद करके रखें।

▶ घर में बनने वाले मकड़ी के जाले तुरंत हटा दें, इनसे आपके अच्छे कार्य होना शुरू हो जाएंगे।

• मनोकामना...

## शनिवार को करें ये काम

शनिवार का दिन भगवान शनि देव का रहता हैं। लेकिन अधिकांश लोगो को यह कम ही पता होगा की शनिवार का दिन श्रीराम भक्त और अत्यंत बलशाली भगवान हनुमानजी का भी रहता हैं। जिस भी व्यक्ति पर इन दोनों की कृपा हो जाएं वह भवसागर पार हो जाता हैं। शनि देव की दृष्टि से मनुष्य धन-धान्य से पूर्ण हो जाता हैं तो महाबली हनुमान की दृष्टि से मनुष्य के दुश्मन अपने आप खत्म होते जाते हैं। शनिदेव और हनुमान जी की लाभकारी दृष्टि और उनका आशीर्वाद पाने हेतु शनिवार को यह 4 टोटके करें। भगवान शनि देव बड़े ही दयालु हैं। जो भी भक्त उनको सच्चे मन से याद करता है शनिदेव उनको अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। अगर आपको शनि देव की साढ़ेसाती और ढैय्या या कोई अन्य दोष हो तो शनिवार को पीपल के पेड़ के नीचे दोनों हाथों से स्पर्श करके पीपल के पेड़ की सात परिक्रमा करें। यह आप हर शनिवार करेंगे तो ज्यादा अच्छा रहेगा। याद रहें कि पीपल की परिक्रमा के दौरान आप ***ऊं शं शनैश्चराय नमः*** का जप अवश्य करें।

शनिवार को शनि देव के साथ ही भगवान हनुमानजी की भी पूजा करें। शनिवार की शाम को मछलियों को दाना डालें तथा चीटियों को आटा खिलाए। इससे शनि देव व हनुमानजी की कृपा से आपके भाग्य खुल जाएंगे। अगर आप पर कोई कर्ज हो या नौकरी में उन्नति नही हो रही हैं तो हर शनिवार को यह टोटका जरूर करें।

शनिवार के दिन आप दोनों भगवान के नाम का एकासना करें। शनिवार शाम को आप एकासना तोड़ने से पहले एक रोटी लें और उसे अपने सामने रखकर अपनी इच्छा और मनोकामना करें। जब आप यह करें तब रोटी साफ बर्तन में आपके सामने रखें। अपनी मनोकामना कहने के बाद उस रोटी को किसी भी काले कुत्ते या काली गाय को खिला दें। यह टोटका करने से आपके सारे बिगड़े काम सवरने लग जाएंगे और अटका हुआ धन आने लगेगा।

शनिवार के दिन भगवान शनि देव को तेल चढ़ाना चाहिए और हनुमानजी के समक्ष तेल का दीपक करना चाहिए। शनिवार के दिन यह दोनों काम करने के बाद आप एक टोटका यह करें कि आप काली चीजों का दान करें। जैसे कि उड़द की दाल, काला कपड़ा, काले तिल और काले चने किसी भी गरीब व्यक्ति को दान में दें। यह टोटका करने से आप पर शनि देव व हनुमानजी की कृपा बनी रहेगी। फिर आपका कितना भी बड़ा दुश्मन क्यों न हो वह अपने आप ही आपसे दुश्मनी खत्म कर लेगा।

## ये उपाय दिलाएंगे कर्ज से मुक्ति...

हम अक्सर कहते हैं कि हम बहुत मेहनत करते हैं कभी कोई पाप नहीं करते हैं और किसी का बुरा भी नहीं करते फिर भी हमारा काम

**अच्छा नहीं होता ऐसा इसलिए भी होता है की हमारे ग्रह नक्षत्रों का भी असर हम पर पड़ता है। लेकिन अगर आप अच्छे कर्म करते हैं तो ग्रह नक्षत्रों का अनुकूल प्रभाव आप पर जरूर पड़ेगा...**

हर व्यक्ति को उसकी मेहनत के अनुसार फल नहीं मिलता है तो निराश होना स्वभाविक है तो आइए हम आपको बताते हैं कुछ ऐसे उपाय जो कर्ज से हमें छुटकारा दिला सकते हैं। हम अक्सर कहते हैं कि हम बहुत मेहनत करते हैं कभी कोई पाप नहीं करते हैं और किसी का बुरा भी नहीं करते फिर भी हमारा काम अच्छा नहीं होता ऐसा इसलिए भी होता है की हमारे ग्रह नक्षत्रों का भी असर हम पर पड़ता है। लेकिन अगर आप अच्छे कर्म करते हैं तो ग्रह नक्षत्रों का अनुकूल प्रभाव आप पर जरूर पड़ेगा। लेकिन कर्म के साथ साथ हमें अपने धार्मिक अनुष्ठानों पर भी काम करना चाहिए। तो आइये कुछ ऐसे उपाय करते हैं जो हमें कर्ज से मुक्ति दिला सकते हैं।

● ऐसी मान्यता है कि हर व्यक्ति का भाग्य उसकी हाथों की रेखाओं में होता है और हाथों की रेखाएं कर्म के अनुसार बनती बिगड़ती हैं इसलिए हमेशा पुण्य कार्य करें क्योंकि हाथों की रेखाओं में ही आपकी किस्मत लिखी होती है।

प्रातः काल उठकर सबसे पहले अपने हाथों की लकीरों को चूमकर अपने चेहरे पर फेरना चाहिए इससे बिगड़ी तकदीर बनती है और कर्ज से मुक्ति मिलती है।

● आप जिस देवी या देवता को अपना ईष्ट मानते हैं उसका नाम प्रातःकाल अपनी हथेली पर दाहिने हाथ की उंगली से लिखने पर बिगड़ा हुआ काम बनने लगता है और आसानी से कर्ज से मुक्ति मिलती है।

● इंसान हो या कोई जानवर सबको आजादी की ख्वाहिश होती है इसलिए आप अपने कर्ज को खत्म करने के लिए पिंजरे में कैद किसी जीव-जन्तु या पक्षी को खरीदकर उसे पिंजरे से आजाद करें ऐसा करने से आपको कर्ज से मुक्ति जल्दी मिलेगी।

● प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को हनुमानजी को तेल और पीला सिंदूर का टीका लगाकर हनुमान चालीसा का पाठ करने से कर्ज से संबंधित सभी परेशानियां दूर होती है और मन शांत होता है।

● रात को सोते समय अपने बेडरूम में दो टिक्की कपूर की घी में डूबा कर जलाने से घर की नकारात्मकता दूर होती है और कर्ज से मुक्ति मिलती है।

● सरसों का तेल या तिल का तेल का दिया जलाने से घर का वातावरण शुद्ध होता है जिससे काम करने की इच्छा प्रबल होती है और धीरे-धीरे करके आपका सारा कर्ज उतरता जाता है।

● पशुओं को उनकी पसंद का खाना खिलाने और पक्षियों को दाने खिलाने से भी कर्ज से मुक्ति मिलती है और रुके हुए काम बनते हैं।

● बंदरों को गुड़-चना और केला खिलाना चाहिए, गाय को रोटी खिलाना, काली गाय को आटे की लोई में गुड़ और चना दाल खिलाने आदि से भी कर्ज से मुक्ति मिलती है।

● यदि आप किसी आवश्यक काम के लिए घर से बाहर जा रहे हैं जैसे नौकरी के लिए, इंटरव्यू के लिए आदि तो पहले दाहिने पैर में चप्पल पहने फिर बाएं पैर में।

● घर से निकलते समय पहले बाहर बायां पैर निकालें फिर दायां पैर, ऐसा करने से सफलता पाने के चांस बढ़ जाते हैं और आसानी से कर्ज मुक्त हुआ जा सकता है।

● घर के मुख्य दरवाजे के पास घर के अंदर उड़ते हुए हनुमान जी का फोटो लगाने से हनुमान जी सभी परेशानियों को लेकर घर के बाहर चले जाते हैं।

● अपने घर का इशान कोण हमेशा साफ रखें इससे कर्ज मुक्ति जल्दी मिलती है।

● यदि आपको कर्ज लेना है तो आप बुधवार को दूसरे व्यक्ति से लें और मंगलवार को किसी भी व्यक्ति को उधार नहीं दें अगर आपने मंगलवार को कर्ज दिया तो हो सकता है की आपको भी कर्ज लेना पड़ जाए।

● विघ्नहर्ता श्री गणेश भगवान को प्रतिदिन मोदक का भोग लगाकर लक्ष्मी जी को गुड़हल का फूल चढ़ाएं इससे कर्ज से मुक्ति मिलती है।

● रविवार और मंगलवार को लाल मसूर की दाल अवश्य किसी गरीब को दान करें।

● शंकर जी के मंदिर जाकर तीन केले लेकर चढ़ाये और 11 या 21 बार ओम ऋण मुक्तेश्वर महादेवाए नमः का जाप करें।

• घर में...

## डार्क कलर न कराएं...

**वास्तु के** अनुसार घर में डार्क कलर न कराएं। कोशिश करें कि घर में ज्यादा से ज्यादा लाइट कलर का ही पेंट होना चाहिए। घर के एंट्रेंस पर लाल, काला और ग्रे कलर कराने से बचें। वास्तु के अनुसार घर में इन रंगों का पेंट कराने से बचना चाहिए। घर में कांटेदार प्लांट न रखें। इसकी जगह आप घर में तुलसी, मनी प्लांट का पौधा रख सकते हैं। वास्तु के अनुसार आपको घर में झाड़ू को भी अपनी तिजौरी के पास नहीं रखना चाहिए। कहा जाता है कि इससे आपके घर में धन की हानि होती है। इसके अलावा झाड़ू को कभी भी खड़ा करके नहीं रखना चाहिए। झाड़ू को हमेशा लिटाकर रखना चाहिए। घर की उत्तर दिशा में पानी की कोई चीज न रखें। जैसे फ्रिज, आरओ, पानी की बोतलें। वास्तु के अनुसार कहा जाता है कि इससे घर में धन का हानि होती है। शास्त्रों में घर की दक्षिण दिशा पितृों के लिए माना गया है। वास्तु में भी कहा जाता है कि घर में दक्षिण दिशा में भूलकर भी पानी से जुड़ा हुआ कोई शोपीस नहीं रखना चाहिए। इससे घर में पैसों की किल्लत बढ़ती है और कर्ज लेने की नौबत आ जाती है।

• शादी में दोष...

*जब कोई मार्ग आपके घर के सामने सीधा प्रवेश करता हो या आकर रुक जाए तो वह अशुभ माना जाता है। यह स्थिति अच्छी नहीं मानी जाती। जब कोई विवाह के लिए देखने आए तो इस प्रकार बैठें कि आपका मुख उत्तर दिशा की ओर हो। विवाह योग्य युवक-युवती के कमरों की दीवार पर सुंदर चित्र लगाएं। हालांकि यह ध्यान रहे कि रोते हुए बच्चे और डूबते सूरज का चित्र कभी न लगाया जाए। यदि प्रेमविवाह हो रहा है और बुरे सपने या विचार आते हों तो सोते समय तकिए के नीचे चाकू या कैंची रखें। घर के मुख्य द्वार पर शीशा नहीं लगा होना चाहिए। इससे वैवाहिक जीवन में अच्छा जीवनसाथी मिलने से पहले ही लौट जाता है।*